# हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

**(बारहवां सत्र)**

**लिखित उत्तर हेतु प्रश्न**

## सोमवार, 22 अगस्त,2016/31 श्रावण, 1938 (शक्)

----

**[मुख्य मंत्री - सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री - वन मंत्री - उद्योग मंत्री - शहरी विकास मंत्री - आबकारी एवं कराधान मंत्री - सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री तथा सहकारिता मंत्री** ].

**कुल प्रश्न - 21**

----

### अतिरिक्त स्टाफ उपलब्ध करवाना

1380 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) जिला कुल्लू के अन्तर्गत सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मण्डल शमशी तथा कुल्लू में कितनी पेयजल एवं सिंचाई योजनाएं कार्यरत हैं;

(ख)दिनांक 31 जुलाई, 2016 तक इनमें पलम्बर, सहायक, फीटर अथवा पंप ऑपरेटर के कितने-कितने पद स्वीकृत हैं तथा कितने रिक्त हैं; ब्यौरा योजनावार दें; और

(ग) सरकार द्वारा इन रिक्त पदों को भरने हेतु क्या पग उठाये गए हैं तथा इन्हें कब तक भर दिया जायेगा?

----

### अमृत योजना

1381 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **शहरी विकास मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि नगर परिषद कुल्लू को अमृत योजना के अन्तर्गत लिया गया है और भारत सरकार ने विभिन्न विकास कार्यों के निर्माण हेतु धनराशि स्वीकृत की है;

(ख) यदि हां, तो कितनी धनराशि स्वीकृत की गई है और किस-किस योजना हेतु धनराशि स्वीकृत करने के लिए आग्रह किया गया है; ब्यौरा दें; और

(ग) जो योजनाएं स्वीकृत हो चुकी हैं उनके निर्माण हेतु धनराशि नगर परिषद कुल्लू को कब तक उपलब्ध करवा दी जाएगी?

----

**पाठशालाओं का उन्नयन**

1382 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू)**ः

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) इस वित्तीय वर्ष में सरकार ने कुल्लू विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत कितनी नई पाठशालाएं खोलने और प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च पाठशालाओं को स्तरोन्नत करने का निर्णय लिया है; ब्यौरा नाम सहित दें; और

(ख) यह सभी पाठशालाएं क्या फंक्शनल हो गई हैं; यदि हां, तो किस-किस तिथि को और मापदण्डानुसार अध्यापकों के पद भी भर दिए गए हैं; विवरण पाठशालावार दें?

----

**वन मण्डलाधिकारी को शक्ति**

1383 **श्री विनोद कुमार (नाचन)**ः

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि सरकार द्वारा वन भूमि पर सड़क निर्माण हेतु एक हैक्टेयर तक सड़क निर्माण की अनुमति की शक्ति DFO को प्रदान की गई है; अधिसूचना की प्रति सभा पटल पर रखें; और

(ख) नाचन विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अंतर्गत नाचन वन वृत्त में सड़क निर्माण हेतु एक हैक्टेयर की अनुमति हेतु कितने आवेदन किये गये हैं; विवरण सड़क के नाम सहित दें?

----

**पेयजल/सिंचाई योजनाएं**

1384 **श्री विनोद कुमार (नाचन)**ः

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-
(क) वर्तमान में नाचन विधान सभा चुनाव क्षेत्र की कितनी पेयजल, उठाऊ पेयजल तथा उठाऊ सिंचाई योजनाओं को विधायक प्राथमिकता में डाला गया है; ब्यौरा नाम सहित दें; और

(ख) इन योजनाओं में से कितनी बन कर तैयार हो चुकी हैं और कितनी बननी शेष हैं; ब्यौरा नवीनतम स्थिति सहित दें ?

----

## भूमि का मुआवजा

1385 **श्री विनोद कुमार (नाचन)**:

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) सरकार द्वारा प्रदेश में फोरलेन निर्माण हेतु जिन लोगों की भूमि अधिग्रहण की है उन को क्या भूमि अधिग्रहण अधिनियम, 2013 के अन्तर्गत उचित मुआवजा दिया गया है; विवरण दें; और

(ख) भूमि अधिग्रहण अधिनियम, 2013 के अन्तर्गत किस दर से मुआवजा देने का प्रावधान है; विवरण दें?

----

## पतलीकूहल सब्जी मण्डी

1386 **श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली)**:

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि सरकार पतलीकूहल स्थित सब्जी मण्डी को कहीं अन्य स्थानान्तरित करने का विचार कर रही है;

(ख) यदि हां, तो कहां; और

(ग) इस हेतु कितनी भूमि चयनित की गई है व क्या इस सम्बन्ध में सारी औपचारिकताएं पूर्ण कर ली गई हैं; ब्यौरा स्थानान्तरित करने के कारणों सहित दें?

----

## प्रधान मन्त्री ग्राम सड़क योजना

1387 **श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली)**:

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दिनांक 1.4.2016 से 31.7.2016 तक मनाली विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत विधायक प्राथमिकता और प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना की कौन-कौन सी सड़कें निर्माणाधीन हैं;

(ख) इनमें से कौन सी सड़कें स्टेज-I व कौन सी स्टेज-II के अन्तर्गत निर्माणाधीन हैं; ब्यौरा दें;

(ग) इन सड़कों के निर्माण हेतु कितनी-कितनी धनराशि स्वीकृत है; ब्यौरा सड़कवार दें; और

(घ) वर्तमान में कौन-कौन सी सड़कें ऐसी हैं जिनकी डी0पी0आर0 विभिन्न कारणों जैसे वन विभाग की स्वीकृति, गिफ्ट डीड इत्यादि की औपचारिकताएं पूर्ण न होने के कारण लम्बित हैं; ब्यौरा दें?

----

## विधायक प्राथमिकता के अन्तर्गत योजनाएं

1388 **श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि वर्तमान में मनाली विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत कितनी सिंचाई, पेयजल एवं फ्लड प्रोटैक्शन की योजनाएं विधायक प्राथमिकता एवं केन्द्र सरकार और विश्व बैंक द्वारा स्वीकृत हैं; ब्यौरा योजनावार दें?

----

## जायका परियोजना

1389 **श्री महेन्द्र सिंह (धर्मपुर):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में Japan International Co-operation Agency परियोजना प्रदेश के किन-किन जिलों के किन-किन विधान सभा चुनाव क्षेत्रों की किन-किन पंचायतों के लिए कार्य कर रही है तथा विभिन्न पंचायतों में कौन-कौन सी योजनाएं कार्यान्वित हो रही हैं; कितनी-कितनी राशि किन-किन योजनाओं पर खर्च की जा चुकी है; कितनी योजनाएं चालू कर दी गई हैं और कितनी योजनाएं अभी शुरू नहीं की गई; ब्यौरा योजनावार वस्तुस्थिति सहित दें;

(ख) दिनांक 31 जुलाई, 2016 तक कितने लोगों को रोजगार दिया गया तथा इस योजना का कार्य किस Agency द्वारा करवाया जा रहा है;

(ग) इस योजना से कितनी राशि धर्मपुर विधान सभा चुनाव क्षेत्र में किसानों/नेताओं के कार्यक्रमों पर खर्च की गई; ब्यौरा दें; और

(घ) इस योजना से किसानों की आजीविका में क्या वृद्धि हुई; पपलोग पंचायत के गांव खरोह में जल संग्रहण तालाब पर JICA से कितनी राशि खर्च की गई?

----

## सड़कों का घनत्व

1390 **श्री रवि ठाकुर (लाहौल और स्पिति)**:

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि वर्तमान में प्रदेश में सड़कों का घनत्व (Density of Road) क्या है; ब्यौरा मण्डलवार दें ?

----

## धनराशि का व्यय

1391 **श्री रवि ठाकुर (लाहौल और स्पिति)**:

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि दिनांक 01 जनवरी, 2013 से 31 जुलाई, 2016 तक सरकार ने सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग के ठेकेदारों को विभिन्न पेयजल योजनाओं के संचालन एवं रख-रखाव (Operation & Maintenance) का कार्य outsourcing के माध्यम से करवाने के लिए कितनी धनराशि व्यय की गई; ब्यौरा खर्च की गई धनराशि का मण्डलवार व वर्षवार अलग-अलग दें?

----

## पंचायत युवा क्रीड़ा एवं खेल अभियान

1392 **श्री रवि ठाकुर (लाहौल और स्पिति)**:

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि दिनांक 1 जनवरी, 2013 से 31 जुलाई, 2016 तक प्रदेश में युवा सेवाएं एवं खेल विभाग द्वारा पंचायत युवा क्रीड़ा एवं खेल अभियान (राजीव गांधी खेल अभियान) के अन्तर्गत विभिन्न खेल गतिविधियों के लिए कितनी-कितनी धनराशि स्वीकृत की गई; ब्यौरा योजनावार, विधान सभा क्षेत्रवार, वर्षवार अलग-अलग दें?

----

## आय-व्यय का वार्षिक ऑडिट

1393 **श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट)**:

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) सरकार द्वारा अपने अधिकार क्षेत्र में लिए मन्दिरों का क्या वार्षिक ऑडिट किया जाता है; यदि हां, तो गत 3 वर्षों में मन्दिरशः किस-किस ऑडिटर ने रिपोर्ट तैयार की और किस तिथि को सरकार को प्राप्त हुई; ऑडिट रिपोर्ट की प्रति सभा पटल पर रखें; और

(ख) सरकार ने ऑडिट पैरा/objection के ऊपर क्या-क्या कार्रवाई की; ब्यौरा ऑडिट रिपोर्टवार दें?

----

## पुल निर्माण

1394 **श्री कुलदीप कुमार (चिन्तपुरनी)**ः

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) वर्तमान में जिला ऊना में स्वां नदी पर दौलतपुर से सन्तोषगढ़ तक कितने पुल निर्मित हैं और कहां-कहां पर स्थित हैं;

(ख) सरकार क्या झलेड़ा से गगरेट तक लगभग 40 km. area है जहां कोई पुल नहीं है के मध्य में चरूड़ से लोहारली पर पुल बनाने का विचार रखती है; और

(ग) यदि हां, तो कब तक?

----

## सौर ऊर्जा लाईट्स

1395 **श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात)**ः

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) वर्तमान में सरकार पंचायतों में सौर ऊर्जा लाईट्स का आबंटन किन-किन माध्यमों से कर रही है और इसके लिए लाभार्थियों को कितनी राशि अदा करनी पड़ रही है तथा Subsidy (अनुदान) किस आधार पर उपलब्ध करवाई जा रही है; ब्यौरा दें; और

(ख) दिनांक 1 जनवरी, 2013 से 31 जुलाई, 2016 तक भटियात विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कितनी सौर ऊर्जा लाईट्स आबंटित की गई; ब्यौरा पंचायतवार व वर्षवार दें?

----

## डी0पी0आर0 की अद्यतन स्थिति

1396 **श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात)**ः

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गत तीन वर्षों में भटियात विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की जो योजनाएं विधायक प्राथमिकता में डाली गई थी, उनकी अद्यतन स्थिति क्या है;

(ख) इनमें से कितनी योजनाओं की DPR तैयार कर केन्द्र सरकार को वित्त पोषण हेतु भेजी जा चुकी हैं तथा कितनी शेष हैं; ब्यौरा दें; और

(ग) कितनी योजनाओं की DPR तैयार नहीं की गई हैं; ब्यौरा कारणों सहित दें?

----

## पेयजल योजनाओं की अद्यतन स्थिति

1397 **श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) भटियात विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितनी पेयजल योजनाएं सम्बर्धन (Augmentation/Remodelling) के योग्य हैं; ब्यौरा उप-मण्डल व योजनावार दें; और

(ख) वर्तमान में कितनी योजनाओं का कार्य ए0आर0डब्ल्यू0एस0पी, एस0सी0/एस0पी0 और एम0एन0पी0 के अन्तर्गत चल रहा है; ब्यौरा उप-मण्डलवार योजनाओं की अद्यतन स्थिति सहित दें?

----

## अधिशासी अभियन्ता के कार्यालय की स्थापना

1398 **श्री मनोहर धीमान (इन्दौरा):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) सरकार क्या इन्दौरा विधान सभा चुनाव क्षेत्र में विद्युत विभाग का अधिशासी अभियन्ता का कार्यालय खोलने का विचार रखती है; और

(ख) यदि हां, तो कब तक ?

----

## कनिष्ठ अभियन्ताओं की रिक्तियां

1399 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में लोक निर्माण विभाग उप-मण्डल सैंज(ठियोग) में कनिष्ठ अभियन्ता के कितने पद भरे हुए हैं तथा कितने रिक्त हैं; और

(ख) इन रिक्त पदों को कब तक भर दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

----

## पदपूर्ति

1400 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत विभिन्न पशु-चिकित्सालयों व औषधालयों में डॉक्टरों व अन्य कर्मचारियों के कितने-कितने पद भरे हैं तथा कितने रिक्त हैं; ब्यौरा दें; और

(ख) सरकार रिक्त पदों को कब तक भरने का विचार रखती है ?

----

**शिमलाः 171004.** **सुन्दर सिंह वर्मा,**

**दिनांकः 6 अगस्त, 2016.** **सचिव।**